चिड़िया के बच्चे

एक चिड़िया अपने तीन बच्चों को उड़ना सिखा रही थी। तीनों बच्चे उड़ने से डर रहे थे। तभी चिड़िया ने एक पतंग कट कर आते देखी। चिड़िया को एक विचार आया। उसने अपने बच्चों से कहा– ''तुम इसकी डोरी पकड़ लो।'' तीनों बच्चों ने पतंग की डोरी पकड़ ली। सभी पतंग के साथ हवा में उड़ने लगे।



उड़ते हुए बच्चों को बहुत मज़ा आ रहा था। तब चिड़िया ने कहा– ''जब तुम ख़ुद से उड़ोगे तो तुम्हें और मज़ा आएगा।'' अब बच्चों का डर कुछ कम हो गया था। उन्होंने धीरे-धीरे अपने पंख फड़फड़ाए और डोरी छोड़ कर उड़ने लगे। अब उन्हें पहले से ज़्यादा मज़ा आने लगा। अब वे उड़ती पतंगों के साथ खुले आसमान में खेलने लगे।

LLF Language and Learning foundation

शिक्षा का अधिकार
सब पढ़ें सब बढ़ें

HSSPP

Designed by www.stelladesignandprint.com